भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 3360
गुरुवार, 20 मार्च, 2025 (29 फाल्गुन, 1946 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के अंतर्गत बिहार में विमानपत्तनों का विकास

3360. डॉ. संजय जायसवालः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार को उड़ान योजना के अंतर्गत बिहार में, विशेषकर पश्चिम चम्पारण को जोड़ने के लिए नए हवाई मार्गों को शुरू करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्तावों की स्थिति क्या है;
(ख) क्या सरकार ने पश्चिम चंपारण में बेतिया विमानपत्तन के विकास के लिए कोई व्यवहार्यता अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन अध्ययनों के निष्कर्ष क्या हैं; और
(ग) सरकार द्वारा इस क्षेत्र में हवाई संपर्क में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): बिहार में 'उड़ान' योजना के तहत पूर्णिया, बीरपुर, सहरसा, भागलपुर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकि नगर, मोतिहारी, रक्सौल, मधुबनी और छपरा हवाईअड्डों को जोड़ने वाले मार्गों के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं।

राज्य सरकार ने आरसीएस उड़ान परिचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए 'असेवित हवाईपट्टियों का पुनरुद्धार और उन्नयन' योजना के तहत बीरपुर, सहरसा, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकि नगर, मधुबनी और पूर्णिया हवाईअड्डों के विकास के लिए सहमति दे दी है। रक्सौल हवाईअड्डे का विकास एएआई के साथ समझौते के तहत राज्य सरकार द्वारा अलग से किया जा रहा है।

बेतिया हवाईअड्डे के स्वामी, बिहार सरकार ने व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन के लिए कोई अनुरोध प्रस्तुत नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, इस योजना के तहत बोली प्रक्रिया के पांच दौर के दौरान बेतिया हवाईअड्डे से आरसीएस उड़ानों के परिचालन के लिए किसी भी एयरलाइन बोलीदाता ने कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

*****